पत्र संख्या– 38/प्रवेश/भाविवि/2026 दिनांकः 14 जून, 2026

आवश्यक सूचना

ऐसा संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन करते समय कुछ विद्यार्थियों द्वारा **ओ0बी0सी0 (नॉन क्रीमी लेयर)** के स्थान पर भूलवश **ओ0बी0सी0 (क्रीमी लेयर)** का चयन किया गया है।

उक्त भूल को सुधारने हेतु प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा इस संदर्भ में लगातार अनुरोध किया जा रहा है। उक्त अनुरोध के दृष्टिगत माननीय कुलपति महोदय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में समर्थ पोर्टल **आज रात 11:30 बजे** तक भूल सुधार हेतु लाइव कर दिया गया है। जिस विद्यार्थी को भूल सुधार करनी हो, वह आवश्यक रूप से नियत समय अर्थात **आज रात 11:30** तक उक्त भूल सुधार हेतु कार्रवाई पूरी कर ले, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश हेतु उसका दावा अस्वीकार कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त जिन प्रवेशार्थियों ने अपने अंक अपडेट नहीं किए हैं वह भी अपनी लॉगिन से अपने अंको में सुधार कर लें।

भवदीय,

(प्रो0 सौबान सईद)
प्रवेश समन्वयक।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी।
3. कुलसचिव।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारी।
6. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
7. वेब एडमिनिस्ट्रेटर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
8. सम्बन्धित पत्रावली/गार्ड फाइल।

प्रवेश समन्वयक।